FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

**प्रेस नोट थाना साइबर क्राइम दिनांक 05-10-2024 जनपद फिरोजाबाद।**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना साइबर क्राइम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना व शादी अनुदान योजना का लालच देकर जनता के साथ धोखाधड़ी करने वाले 03 शातिर साइबर फ्रॉड अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।**

- **शातिर साइबर अपराधियों के कब्जे से एक टेबलेट, 03 मोबाइल फोन, 05 फर्जी आधार कार्ड, 02 सरकारी कर्मचारी आईडी कार्ड, 14 आधार कार्ड की छायाप्रति, 07 पैनकार्ड की छायाप्रति, 03 बैंक डिटेल की छायाप्रति व 9650 रूपये नकद बरामद।**
- **सरकारी योजनाओं का लालच देकर भोली भाली जनता के साथ करते थे ठगी।**
- **प्रधानमंत्री आवास योजना का डाटा इन्टनेट से प्राप्त कर आवास योजना के लाभार्थियों को फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर करते थे फोन.......**

दिनांक 03-10-2024 को थाना साइबर क्राइम पर मु0अ0सं0 39/2024 धारा 318(4) बीएनएस एवं 66डी आईटी एक्ट पंजीकृत कराया गया था जिसमें शिकोहाबाद निवासी वादिया के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर साइबर ठगों द्वारा रूपयों की धोखाधड़ी कर ली गयी थी। उक्त प्रकरण के खुलासे हेतु साथ ही अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पर पुलिस टीम का गठन करते हुए निर्देशित किया गया था।

गठित टीम द्वारा आज दिनांक 05-10-2024 को नगला उदी मोड के पास से 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शातिर अभियुक्त भोली भाली जनता को बेवकूफ बनाकर फर्जी सरकारी कर्मचारी बनकर उनसे फोन पर उनके आधार कार्ड पैन कार्ड व बैंक डिटेल लेकर उनको प्रधानमंत्री आवास योजना तथा शादी अनुदान की योजना का लालच देकर रूपये अपने बैंक खाते में डलवा कर उनके साथ धोखाधड़ी करते थे।

**पूछताछ विवरणः-**

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि हम लोग भोली भाली जनता को बेवकूफ बनाकर फर्जी सरकारी कर्मचारी बनकर उनसे फोन पर उनके आधार कार्ड पैन कार्ड व बैंक डिटेल लेकर उनको प्रधानमंत्री आवास योजना तथा शादी अनुदान की योजना का लालच देकर रूपये अपने बैंक खाते में डलवा लेते हैं तथा उनके साथ धोखाधड़ी करते हैं। उसके बाद जिसके साथ फ्रॉड की घटना को अंजाम देते है उसका मो0न0 ब्लॉक कर देते हैं। साथ ही पूछताछ में बताया गया कि हम लोगों को द्वारा सरकारी योजनाओं का डाटा इन्टनैट से प्राप्त होता है। प्राप्त डाटा के आधार पर हम लोगों को कॉल करते हुए उनके साथ धोखाधड़ी करते हैं।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1-धीरज उर्फ लक्की पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी नगला उदी पहाडपुर थाना बसईमौ0पुर जनपद फिरोजाबाद।

2-वीरेन्द्र सिंह पुत्र छोटेलाल निवासी लकडी की ठार बरकतपुर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

3-पीताम्बर पुत्र स्व0 करन सिंह निवासी लकडी की ठार बरकतपुर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगीः-**

01 अदद टेबलेट सेमसंग,

03 अदद मोबाइल फोंन टच स्क्रीन,

05 अदद फर्जी आधार कार्ड,

02 अदद फर्जी सरकारी कर्मचारी आई0डी0 कार्ड,

14 अदद आधार कार्ड की छायाप्रति,

07 अदद पैन कार्ड की छायाप्रति,

03 अदद बैंक डिटेल की छायाप्रति,

01 अदद पिठ्ठू बैग

9650 रूपये नकद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1-प्रभारी निरीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार द्विवेदी थाना साइबर क्राइम फिरोजाबाद।

2-निरीक्षक श्री मनोज यादव थाना साइबर क्राइम फिरोजाबाद।

3-है0का0 लखन वैष्णव थाना साइबर क्राइम फिरोजाबाद।

4-है0का0 प्रवीन कुमार थाना साइबर क्राइम फिरोजाबाद।

5-का0 अंकित वर्मा थाना साइबर क्राइम फिरोजाबाद।

6-का0 हेमेन्द्र प्रताप सिंह थाना साइबर क्राइम फिरोजाबाद।

7-का0 अंशुल बालियान थाना साइबर क्राइम फिरोजाबाद।

8-का0 अतुल भार्गव थाना साइबर क्राइम फिरोजाबाद।

9-चालक है0का0 करन थाना साइबर क्राइम फिरोजाबाद।